दिनांक : ______________

सेवा में,

सचिव (दूरसंचार)
दूरसंचार विभाग, भारत सरकार
संचार भवन, नई दिल्ली–110001

विषय: एम.टी.एन.एल. से दूरसंचार विभाग में वापस भेजने के संबंध में।

आदरणीय महोदया,

विनम्र निवेदन यह है कि प्रार्थी दूरसंचार विभाग के कर्मचारी / अधिकारी के रूप में दिल्ली / मुम्बई टेलीफोन्स के अन्तर्गत भर्ती एवं नियुक्त किया गया था। प्रार्थी को अप्रैल–1986 में दूरसंचार विभाग द्वारा देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुम्बई में विश्व स्तरीय दूरसंचार सेवा सस्ती दर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित एम.टी.एन.एल. में प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरित कर दिया गया था। प्रार्थी अप्रैल 1986 से 1998 / 2000 तक एम.टी.एन.एल. में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत था। दूरसंचार विभाग ने वर्ष 1998 / 2000 में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एम.टी.एन.एल. में विलयन (Absorption) के लिए प्रार्थी को बाध्य कर दिया। एम.टी.एन.एल. में विलयन के समय दूरसंचार विभाग ने स्थाई आदेशों के माध्यम से यह स्पष्ट किया था कि यदि एम.टी.एन.एल. के वर्तमान नियम विलयित (Absorved) कर्मचारियों के हित में नहीं होंगे तो सरकारी नियम ही लागू होंगे।

महोदया, अवगत हो कि एम.टी.एन.एल. में विगत तीन महीनों से समय पर वेतन नही मिल रहा है जिसके कारण मैं और मेरा परिवार काफी तनाव में है। मैं अपने बच्चों के स्कूल / कालेज की फीस का भुगतान, आवास एवं अन्य कार्यों हेतु लिये गये ऋण की किस्त (EMI) तथा दिन–प्रतिदिन के आवश्यक खर्चों का भुगतान करने में अपने को असमर्थ पा रहा हूँ। एम.टी.एन.एल. प्रबन्धन पूरे माह कार्य करवाने के पश्चात समय से वेतन का भुगतान न करके मेरे मौलिक अधिकार एवं मानवाधिकार का स्पष्ट उल्लंघन कर रहा है।

महोदया, एम.टी.एन.एल. में कर्मचारियों / अधिकारियों का 1 जनवरी 2017 से देय 3rd PRC / वेतन पुनरीक्षण एवं पेंशन पुनरीक्षण को भी आज तक लागू नहीं किया गया तथा सभी प्रकार के भत्तों एवं अनुलाभों का पुनरीक्षण भी वर्ष 2008 से लम्बित है। वर्तमान में एम.टी.एन.एल. की वित्तीय हालत काफी दयनीय है। निकट भविष्य में दूरसंचार विभाग / एम.टी.एन.एल. प्रबंधन के पास एम.टी.एन.एल. के पुनरुद्धार की कोई ठोस योजना भी दिखाई नहीं दे रही है। जिसके कारण मैं और मेरा परिवार अपने भविष्य को लेकर बहुत ही आशंकित है।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी को एम.टी.एन.एल. से दूरसंचार विभाग में वापस लिया जाय।

आदर सहित,

भवदीय

(नाम ______________________________)

पदनाम :______________ स्टाफ न. ______________

कार्यालय :______________________________

प्रतिलिपि:

1. माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार
2. माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार
3. माननीय संचार राज्यमंत्री, भारत सरकार
4. माननीय कार्मिक राज्यमंत्री, भारत सरकार
5. माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री, भारत सरकार
6. माननीय सचिव (वित्त) मंत्रालय, भारत सरकार
7. सचिव (श्रम एवं रोजगार), भारत सरकार
8. सचिव (कार्मिक) कार्मिक मंत्रालय, भारत सरकार
9. सचिव, मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली।
10. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एम.टी.एन.एल.
11. महामंत्री एम.टी.एन.एल. मजदूर संघ (मान्यता प्राप्त) / महामंत्री–एम.टी.एन.एल. इक्जीक्यूटिव एसोसिएशन।
12. चेयरमैन / संयोजक फोरम ऑफ एमटीएनएल यूनियन्स एण्ड एसोसिएशन्स।

Scanned by CamScanner